BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 16 जनवरी, 2025 **थाना गुलावठी**

कैन्टर चालक को नशीली चाय पिलाकर रुपये चोरी करने वाले 02 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से 2,35,000/- रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद तथा 2,66,000/- रुपये बैंक खाते में होल्ड कराये गये

अवगत कराना है कि दिनांक 03.01.2025 को वादी गुलजार पुत्र इकराम निवासी ग्राम सौदत थाना किला परिक्षितगढ जनपद मेरठ ने थाना गुलावठी पर तहरीर दी कि वह आईसर कैन्टर HR-38AD-4183 पर बतौर चालक नौकरी करता है। दिनांक 01.01.2025 को वह सोनपरी मिल कुमेर भरतपुर राजस्थान से आइसर कैन्टर में खल लेकर गुलावठी में विकास ट्रेडिंग निकट धौलाना अड्डा आया था तभी एक लडका उसके पास चाय लेकर आया और बोला चाय पी लो लाला जी ने भेजी है। हमने चाय पी ली उसके बाद वह खल की गाडी उतारकर जैसे ही थोडी दूर चला तो वह बेहोश हो गया। जब वह होश में आया तो कैन्टर छपरावत स्टेशन के पास सूनसान जगह पर खडा था तथा उसमें से रुपये गायब थे। इस सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर मुअसं- 06/25 धारा 123/303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

उक्त के क्रम में जांच/छानबीन के दौरान प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों को थाना गुलावठी पुलिस द्वारा आज दिनांक 16.01.2025 को चोरी किये गये 2,35,000/- रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- शाहिद पुत्र खिजर मौ0 निवासी ग्राम हाजीपुर भटौला थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।

2- नाजिम पुत्र मेहरबान निवासी भट्टा कालोनी मस्जिद के पास निकट नई मण्डी थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1. 2,35,000/- रुपये नकद
2. 2,66,000/- रुपये(बैंक खाते में होल्ड कराये गये है)
3. 01 मोटरसाइकिल स्पलैंडर नं0 UP-13CL-4275

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि दिनांक 01.01.2025 को धौलाना रोड गुलावठी पर एक कैन्टर से खल खाली हो रही थी तभी उन्होने कैंटर के कन्डैक्टर से साठगांठ कर ली थी मौका देखकर कैन्टर ड्राईवर को नशीली चाय पिला दी। इसके बाद कैन्टर खाली करके जब वे जाने लगे तो वे भी कैन्टर के पीछे-पीछे चल दिये कुछ दूर जाने पर ड्राईवर को चक्कर आने लगे तो वह साइड की सीट पर लेट गया उसके बाद वे कैन्टर को छपरावत स्टैशन के पास ले गये तथा कैन्टर में रखे रुपये चोरी कर फरार हो गये थे। चोरी किये गये रुपये में से 2,35,000/- रुपये नकद बरामद किये गये है तथा 2,66,000/-

रुपये अभियुक्तों द्वारा बैंक खाते में जमा कर दिये गये थे जिन्हे बैंक खातों मे होल्ड कराया गया है। कन्डैक्टर साजिद को 10,000/- रुपये सहित पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है इस प्रकार कुल 5,11,000/- रुपये बरामद किये गये है।

अभियुक्त शाहिद का आपराधिक इतिहास-

1. मुअस- 165/21 धारा 13 जीएक्ट थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअस- 170/21 धारा 188/269/270 भादवि व 3/4 महामारी एक्ट थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
3. मुअस- 9/11 धारा 110 जी खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
4. मुअस- 06/25 धारा 123, 303(2), 317(2) , 61(2) बीएनएस थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर

अभियुक्त नाजिम का आपराधिक इतिहास-

1. मुअस- 730/20 धारा 392/411 भादवि थाना दादरी जनपद गाजियाबाद।
2. मुअस- 732/20 धारा 307/34 भादवि थाना दादरी जनपद गाजियाबाद।
3. मुअस- 733/20 धारा 25/27 भादवि थाना दादरी जनपद गाजियाबाद।
4. मुअस- 930/21 धारा 379/411 भादवि थाना दादरी जनपद गाजियाबाद।
5. मुअस- 903/21 धारा 414/420 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
6. मुअस- 902/21 धारा 379/411 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
7. मुअस- 06/25 धारा 123, 303(2), 317(2) , 61(2) बीएनएस थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली थाना गुलावठी पुलिस टीम-

1. श्रीमती सुनीता मलिक थाना प्रभारी गुलावठी
2. व0उ0नि0 श्री सरवर खान, उ0नि0 श्री राजबीर सिंह, उ0नि0 श्री सौरभ कुमार
3. है0का0 शमशाद, है0कां0 यशबीर ढाका, का0 अकुंर कुमार, कां0 रोहित राणा, कां0 अमित कुमार

मीडिया सेल बुलंदशहर